# आजादी के अमृत महोत्सव मे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम द्वारा बापू को किया याद

आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानी और शहीदों को नमन करते हुए अम्बाह महाविद्यालय के एनसीसी कैडेटों ने गांधी जयंती से पूर्व आज दिनांक 01 अक्टूबर 2023 को महाविद्यालय में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा तथा शहीद स्मारक स्थल पर श्रमदान किया एवम् पुष्पचक्र अर्पित कर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।


इस अवसर पर 30 मध्य प्रदेश बटालियन एनसीसी भिंड के कमान अधिकारी कर्नल जगदीश कुमार राव ने समस्त कैडेट्स को आज के दिन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।सर्वप्रथम आज प्रातः ही समस्त सीनियर डिवीजन एवं सीनियर विंग के छात्र / छात्रा कैडेट्स महाविद्यालय में एकत्रित हुए और मेजर वीके जैन के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में महाविद्यालय भवन क्रमांक 1 एवं भवन क्रमांक 2 ,जग्गा चौराहा परिसर की पूर्ण साफ सफाई में भाग लेकर बापू को याद किया। समस्त कैडेटों ने ग्रुप बनाकर महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाने हेतु पूर्ण मनोयोग से स्वच्छता कार्यक्रम में भाग लिया।

आज के कार्यक्रम में महाविद्यालय एन सी सी अधिकारी मेजर व्ही के जैन ने एनसीसी कैडेटों को आजादी के महत्व को समझाया और राष्ट्रपिता पूजनीय महात्मा गांधी जी के जीवन वृतांत को सुनाते हुए उनके द्वारा स्थापित आदर्शों को अपने जीवन में धारण करने की आवश्यकता को बताया ।मेजर जैन ने अमर शहीदों तथा स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और संघर्ष को याद किया साथ ही साथ एनसीसी कैडेट्स को राष्ट्र के उत्थान में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने हेतु आव्हान किया । इस अवसर पर महाविद्यालय के सीनियर कैडेट सचिन, सुप्रिया, प्रेरणा, निशा, सोनम एवं रोहित ने आज के दिन के महत्व को बताते हुए गांधी जीवन पर प्रकाश डाला।

आज के स्वच्छता कार्यक्रम में 30 मध्य प्रदेश बटालियन एनसीसी भिंड से हवलदार सुमेर सिंह शामिल रहे तथा सीनियर डिवीजन से सीनियर कैडेट भानु प्रताप, धर्मेंद्र शर्मा और सीनियर विंग से सीनियर कैडेट सोनम तोमर के नेतृत्व में सभी कैडेटों ने उत्साह से भाग लिया।

यह कार्यक्रम महाविद्यालय की आइक्यूएसी सेल के अंतर्गत आयोजित किया गया था।

Principal
Ambah Post Gradute Colleg
(Autonomous)
Ambah (Morena) M.P.


















Princip
Post Gradute Co
(Autonomous)
Morena)M.P.

# आजादी के अमृत महोत्सव में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम द्वारा बापू को किया याद





पत्रिका

## स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित

अंबाह @पत्रिका. आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानी और शहीदों को नमन करते हुए अम्बाह कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने गांधी जयंती से पूर्व कॉलेज में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा तथा शहीद स्मारक पर श्रमदान किया एवं पुष्पचक्र अर्पित कर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर 30 मप्र बटालियन एनसीसी भिंड के कमान अधिकारी कर्नल जगदीश कुमार राव ने समस्त कैडेट्स को आज के दिन के लिए शुभकामनाएं दी।

02/10/2023 | Morena | Page : 14 Source : https://epaper.patrika.com/

दैनिक भास्कर मुरैना 02-10-2023

प्रधानमंत्री स्वच्छता पखवाड़ा • नगर पालिका के द्वारा शुरू किया गया सफाई अभियान, लोगों ने भी लिया हिस्सा

## एक घंटे किया श्रमदान, सार्वजनिक स्थानों से हटाया कचरा

भास्कर संवाददाता | सबलगढ़/अंबाह/जौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए गए एक घंटे के श्रमदान स्वच्छता आह्वान पर रविवार से नगर पालिका ने सफाई अभियान की शुरुआत कर दी है। इस मुहिम में नगर पालिका अध्यक्ष सोनेराम धाकड़ व सीएमओ वीरेंद्र सक्सेना भी हाथ में झाडू लेकर शामिल हुए। सुबह 10 बजे से शुरू किए गए सफाई अभियान में नगर के लोगों ने भी एक घंटे से अधिक श्रमदान किया।

यहां बता दें कि महात्मा गांधी की जयंती पर 2 अक्टूबर से पूरे देश में स्वच्छता अभियान शुरू किया जा रहा है। जिसके तहत नगर में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान बस स्टैंड परिसर, खार नाले की पुलिया, सिविल अस्पताल, एमएस रोड पर न केवल झाडू लगाई गई बल्कि, गंदगी व कचरा भी साफ किया गया। स्वच्छता पखवाड़े में पूर्व पार्षद मनोज प्रताप सिंह जादौन, सरपंच देवेंद्र सिंह जादौन, अजय शर्मा, सौरभ सिकरवार आदि शामिल हुए।



एमएस रोड पर सफाई करते नगर के लोग व नगर पालिका के कर्मचारी।

### अंबाह में भी मनाया स्वच्छता पखवाड़ा... लोगों ने की बढ़-चढ़कर भागीदारी

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत रविवार को स्वतंत्रता सेनानी व शहीदों को नमन करते हुए पीजी कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने गांधी जयंती से पूर्व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा व शहीद स्मारकों पर श्रमदान किया। प्रारंभ में सीनियर डिवीजन एवं सीनियर विंग के कैडेट्स कॉलेज में एकत्रित हुए। इसके बाद मेजर योगेश जैन के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़े के तहत सार्वजनिक स्थलों की सफाई की। अभियान में कैडेट्स भानु प्रताप, धर्मेंद्र शर्मा, सोनम तोमर आदि शामिल रहे।

### साफ-सफाई से दूर भागती है बीमारी: विधायक

जौरा। श्रमदान करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। साफ-सफाई से बीमारियां दूर भागती है। इसलिए हमें अपने आस-पास साफ-सफाई अवश्य रखना चाहिए। यह बात रविवार को स्वच्छता सेवा अभियान के दौरान विधायक सूबेदार सिंह सिकरवार रजौधा ने कही। कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष अखिलेश माहेश्वरी ने भी संबोधित किया। इस अभियान के तहत सरकारी कार्यालय, अस्पताल व सार्वजनिक स्थानों की सफाई की गई। इस अवसर पर सीएमओ कुलदीप सिकरवार, प्राचार्य योगेंद्र सिंह, नगर सीएमओ ऋषिकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

Principal
Ambah Post Gradute Colleg
(Autonomous)
Ambah(Morena)M.P.